# रणजीत टाइम्स

इंदौर

बुधवार, 11 मार्च, 2026

वर्ष 02 | अंक 65 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# 46 लाख लोगों की संपत्ति रजिस्ट्री का खर्च उठाएगी एमपी सरकार

## योजनाओं का फीडबैक लेने नया प्रोग्राम, 4865 युवाओं को गांवों में रखेगी सरकार



**भोपाल।** मंत्रालय में मंगलवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में डॉ. मोहन यादव सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार भूमि स्वामित्व योजना के तहत 46 लाख लोगों की संपत्ति रजिस्ट्री का स्टांप शुल्क खुद वहन करेगी, जिससे सरकार पर करीब 3000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च आएगा। कैबिनेट ने प्रदेश में योजनाओं के जमीनी फीडबैक के लिए सीएम यंग इंटर्न फॉर गुड गवर्नेंस प्रोग्राम शुरू करने का फैसला भी किया है। यह कार्यक्रम तीन साल तक चलेगा। इसके लिए हर विकास खंड से 15 युवाओं का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण स्कूल के माध्यम से होगी। चयनित युवाओं को 10 हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाएगा और एक साल के अनुबंध पर सेवा में रखा जाएगा। कुल 4865 युवाओं का चयन होगा और इस कार्यक्रम पर तीन साल में करीब 170 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इन युवाओं की जिम्मेदारी अपने विकासखंड में संचालित योजनाओं की जमीनी स्थिति और फीडबैक की रिपोर्ट तैयार करना होगी। यह रिपोर्ट सीधे सुशासन स्कूल के माध्यम से मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों तक पहुंचेगी। इसके लिए डैशबोर्ड बनेगा।

- **सात विभागों की योजनाएं 2031 तक जारी-** कैबिनेट ने ऊर्जा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, योजना-आर्थिक एवं सांख्यिकी, जनजातीय कार्य और महिला-बाल विकास सहित सात विभागों की योजनाओं को 2031 तक जारी रखने के लिए 33,240 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इसमें महिला आयोग, बाल संरक्षण आयोग, छात्रवृत्ति योजनाएं, आरडीएसएस, दिव्यांगों के लिए प्रोफेशनल टैक्स में छूट और स्टार्टअप के लिए 600 करोड़ रुपए का प्रावधान शामिल है।
- **स्वास्थ्य केंद्रों में 51 पदों पर भर्ती-** मंत्री काश्यप ने बताया कि मैहर, निमरानी और कैमोर में पीएफआईसी के तहत अस्पतालों के लिए स्टाफ भर्ती की जाएगी। श्रम विभाग के माध्यम से डॉक्टर और अन्य कर्मचारियों सहित कुल 51 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसके अलावा चितरंगी में व्यवहार न्यायाधीश के पद को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है।
- **'एक जिला-एक उत्पाद' को मिलेगा बढ़ावा-** राज्य सरकार ने एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए 37.50 करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार की है। इस योजना में एमएसएमई, उद्योग, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग संयुक्त कार्ययोजना के तहत काम करेंगे।

# देश में एलपीजी संकट के बीच ऐक्शन में सरकार

## हाईलेवल मीटिंग, पीएम मोदी से मिले पेट्रोलियम मंत्री

## ईरान युद्ध से आपूर्ति बाधित, घरेलू संकट पर है नजर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस की कमी को दूर करने के लिए हाई-लेवल बातचीत की। ईरान के खिलाफ इजरायल और अमेरिका के बीच छिड़ी जंग की वजह से तेल और गैस की आपूर्ति में कमी आई है। सरकार ने मिडिल ईस्ट युद्ध के असर से घरेलू उपभोक्ताओं को बचाने के लिए एक रणनीतिक प्लान शुरू किया है। मौजूदा संकट और गहरा गया है।

- **मंत्रालय ने लागू किए कई इमरजेंसी उपाय-** इस संकट को देखते हुए पेट्रोलियम मंत्रालय ने कई इमरजेंसी उपाय लागू किए हैं। रिफाइनरियों को पेट्रोकेमिकल स्ट्रीम को कम करके एलपीजी आउटपुट को ज्यादा से ज्यादा करने का आदेश दिया गया है। जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए घरेलू इस्तेमाल करने वालों के लिए एलपीजी रिफिल बुकिंग साइकिल को पहले के 21 दिनों से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है।

घरों के अलावा, इंपोर्टेड एलपीजी को जरूरी नॉन-डोमेस्टिक सेक्टर, खासकर हॉस्पिटल और एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन की तरफ भेजा जा रहा है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के तीन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स वाली एक कमेटी बनाई गई है। यह बॉडी हर ओर नजर रखेगी।

---

# विधानसभा चुनाव से पहले असम में हो गया बड़ा खेला!

## प्रदेश की 40 लाख महिलाओं को मिल गए 9 हजार रुपए

**दिसपुर (एजेंसी)।** असम में 40 लाख परिवारों की महिलाओं को 9,000-9,000 रुपये उनके बैंक खातों में भेजे गए। राज्य सरकार की योजना अरुणोदय के तहत मंगलवार को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए शिफ्ट की गई। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी में आयोजित केंद्रीय समारोह में इसकी शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह राशि राज्य सरकार की करुणामयी नीति का प्रतीक है, जो महिलाओं के नेतृत्व वाले घरों को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट करते हुए इसे महिलाओं की वित्तीय सुरक्षा और गरिमा को मजबूत करने वाली पहल बताया। राज्य भर में 3,800 से अधिक सार्वजनिक कार्यक्रम किए गए।



- **एकमुश्त मिली आर्थिक सहायता राशि-** रिपोर्ट के मुताबिक, इस तरह लाखों महिलाओं को एकमुश्त आर्थिक सहायता मिली, जो उनके परिवारों के लिए अहम सहारा साबित होगी। योजना केवल खास मानदंडों को पूरा करने वाली महिलाओं तक सीमित है, जिससे इसका दायरा नियंत्रित और टारगेटेड है। सीएम सरमा ने कहा कि अरुणोदय योजना का आगामी विधानसभा चुनावों से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों की तरह यहां कोई सामूहिक या सार्वभौमिक हस्तांतरण नहीं किया जाता। अगर यह चुनावी लाभ के लिए होती तो सभी को कवर किया जाता।

## किसान की बेटी की शादी में पहुंचे राहुल गांधी

# शगुन भी सौंपा, नई दुल्हन को गिफ्ट में दिया एलईडी

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को अचानक हरियाणा के गोहाना पहुंचे। वह यहां गांव मदीना में एक किसान संजय की बेटी की शादी में आशीर्वाद देने पहुंचे हैं। यह वही किसान हैं, जिनके खेत में राहुल ने साल 2023 में ट्रैक्टर चलाया था और धान की रोपाई की थी। सुबह करीब सवा 10 बजे राहुल यहां पहुंचे थे। रोहतक सांसद दीपेंद्र हुड्डा समेत कई लोगों ने उनका हरियाणवी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। जब राहुल शादी वाले घर में जाने लगे तो दरवाजे पर खड़े युवकों ने जोर से कहा-राहुल भाई राम-राम। राहुल हाथ जोड़कर मुस्कुराए और आगे बढ़ गए। राहुल करीब एक घंटे तक शादी वाले घर में रुके। इस दौरान दूध के साथ चूरमा भी खाया।



- **संजय बोले, हमें लगा राहुल भूल गए होंगे-** किसान संजय ने कहा कि 25 फरवरी को बड़े भाई और गांव के सरपंच के साथ दिल्ली में राहुल गांधी को बेटी तनु की शादी का न्योता देकर आए थे। हमें उम्मीद नहीं थी कि राहुल गांधी आएंगे। अचानक उनके आने का कार्यक्रम पता चला। उस वक्त हम शगुन के गीत गा रही थी। सारे मेहमान राहुल को देखकर खुश हो गए। राहुल का पूरा मान-सम्मान किया और हरियाणवी सम्मान का प्रतीक पगड़ी पहनाई। इससे पहले राहुल गांधी 8 जुलाई 2023 को अचानक सुबह मदीना गांव पहुंच गए थे। तब उन्होंने किसान संजय के खेत में करीब 15 मिनट तक ट्रैक्टर चलाया और धान की रोपाई की थी। संजय ने बताया कि वो पहली मुलाकात थी।

# लूट के अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार न्यायालय में किया पेश

**प्रदीप सिंह बघेल**

**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा हैदराबाद से मजदूरी कर लौट रहे राहगीर से स्मार्ट फोन एवं नगदी रूपये के लूट के मामले में चार आरोपियों धर्मेन्द्र वंशकार निवासी पटौराटोला अनूपपुर, राज वंशकार निवासी पटौराटोला अनूपपुर, भीमसेन उर्फ भिम्मा वंशकार निवासी बुढार और राहुल वंशकार निवासी केशवाही जिला शहडोल को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया गया है।




## आरोपी के अनुसार

रविवार दिनांक 08.03.2026 को राकेश कुमार केवट पिता रामगरीब केवट उम्र करीब 34 साल निवासी ग्राम बैहाटोला थाना बिजुरी जिला अनूपपुर का थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि हैदराबाद से मजदूरी करके अपने साथी चमनलाल केवट के साथ ट्रेन से अनूपपुर लौटा था जो घर बिजुरी जाने के लिए ट्रेन विलम्ब होने से पुरानी सब्जी मण्डी में स्थित सार्वजनिक सुलभ शौचालय काम्पलेक्स फ्रेश होने गये थे जहां धर्मेन्द्र वंशकार निवासी पटौराटोला अनूपपुर, राज बंशकार निवासी पटौराटोला अनूपपुर, भीमसेन उर्फ भिम्मा वंशकार निवासी बुढार और राहुल वंशकार निवासी केशवाही शहडोल ने मिलकर बियर की बोतल तोड़कर पेट में अड़ाकर धमकी देते हुए राकेश कुमार केवट का वीवो कंपनी का 19000 रूपये का मोबाईल व 1400 रूपये लूट कर मोटर सायकल से फरार हो गये है ।

## शिकायत पर कार्रवाई

उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली अनूपपुर में अपराध क्रमांक 142/26 धारा 309(4), 3(5) बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया जाकर टी. आई. कोतवाली निरीक्षक अरविन्द जैन के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक पवन प्रजापति, सहायक उपनिरीक्षक संतोष वर्मा, प्रधान आरक्षक शेख रसीद, प्रधान आरक्षक विनय बैस, आरक्षक अमित यादव, आरक्षक अब्दुल कलीम की पुलिस टीम का गठन कर आरोपियो की पता तलाश कर आरोपी धर्मेन्द्र वंशकार पिता स्व. कंधीलाल वंशकार उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड न. 02 चंदासटोला अनूपपुर, राज वंशकार पिता बृजेश वंशकार उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड न. 02 पटौराटोला अनूपपुर, भीमसेन उर्फ भिम्मा बंशकार पिता स्व. मुन्ना वंशकार उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड न. 15 बुहार थाना बुढार जिला शहडोल और राहुल वंशकार पिता सुरेश वंशकार उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड न. 15 केशवाही थाना जैतपुर जिला शहडोल से लूट में प्रयुक्त मोटर सायकल व लूट की गई वीबो कंपनी का 19000 रूपये कीमती का मोबाईल तथा लूट की राशि 1400 रूपये जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। **पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्व पूर्व से चोरी, अवैध उगाही, लड़ाई झगड़ा एवं मारपीट, धमकी के अनेक आपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा उक्त आदतन आरोपियों का जिला बदर कराए जाने का आदेश दिया गया है।**

# वन सुरक्षा समिति खंदवारा की बैठक में वन संरक्षण पर जोर



**नवल किशोर**

कटनी। जिले के कटनी वन मंडल के अंतर्गत ढीमरखेड़ा रेंज में स्थित खंदवारा गांव में दिनांक 9 मार्च 2026 को वन सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेंज अधिकारी ढीमरखेड़ा सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में वन सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ वन संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। रेंज अधिकारी ने ग्रामीणों को वन्यप्राणियों की सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जंगलों में रहने वाले जीव-जंतुओं का संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके साथ ही महुआ संग्रहण के दौरान पेड़ों के नीचे आग न लगाने की अपील की गई। अधिकारियों ने बताया कि महुआ के नीचे आग लगाने से जंगल में भीषण आग लगने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे वन संपदा और वन्यजीवों को भारी नुकसान हो सकता है।

बैठक में जंगल क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को रोकने तथा अवैध गतिविधियों की जानकारी देने के लिए मुखबिर तंत्र को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा संयुक्त वन प्रबंधन समिति (JFMC) की भूमिका, ग्राम स्तर पर वन संरक्षण में समुदाय की भागीदारी और जंगलों की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया। अंत में समिति सदस्यों ने वन विभाग के साथ मिलकर जंगलों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

# शादी का झासा देकर किया दुष्कर्म पुलिस ने किया गिरफ्तार न्यायालय में किया पेश



**प्रदीप सिंह बघेल**

बुढ़ार थाना अंतर्गत एक दुष्कर्म के मामले में कार्यवाई की गई है दिनांक 08.03.2026 को फरियादिया द्वारा थाना उपस्थित होकर एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें उसने उल्लेख किया कि श्रेयांस जैन उर्फ राजू पिता अशोक जैन निवासी वार्ड नं. 09 सिनेमा रोड बुढ़ार थाना बुढ़ार द्वारा उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया गया है। प्राप्त आवेदन पत्र के आधार पर थाना बुढ़ार में आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 08.03.2026 को आरोपी श्रेयांस जैन उर्फ राजू पिता अशोक जैन उम्र 48 वर्ष निवासी वार्ड नं. 09 सिनेमा रोड बुढ़ार थाना बुढ़ार जिला शहडोल को बुढ़ार क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को आज माननीय न्यायालय बुढ़ार के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

सराहनीय भूमिका- उक्त कार्यवाही निरीक्षक खेमसिंह पेन्द्रो के के नेतृत्व में, उप निरी. नागेन्द्र प्रताप सिंह, सउनि अंजना अहिरवार, सउनि राजेन्द्र शुक्ला, प्र.आर. रामनाथ, राजू प्रसाद की महत्वपूर्ण भूमिका ।

# "समाज में सम्मानित होना गर्व से अधिक कर्मशील होने का भाव संचित करता है - डॉ भरत शर्मा"

## मध्यप्रदेश के गौड़ ब्राह्मण संघ द्वारा डॉ भारत शर्मा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया




आदित्य शर्मा

इंदौर। मध्यप्रदेश में इंदौर शहर में मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे डॉ भरत शर्मा का सम्मान प्रदेश के गौड़ ब्राह्मण संघ द्वारा समारोहपूर्वक किया गया। उल्लेखनीय है की भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय में मध्यप्रदेश से चुने जाने वाले यह पहले सदस्य है जिन्हें दो समितियों में भारतीय राजपत्र में संस्कृति मंत्रालय, भारत सकरार द्वारा नामित किया गया। डॉ भरत शर्मा भारत में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में वरिष्ठ पद पर रहते हुए भारतीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन हेतु देश विदेश में अपनी पहचान बनाने में सफल हुए हैं। हाल ही में लंदन में ब्रिटिश पार्लियामेंट में उनका सम्मान किया गया था जो समाज के लिए गौरव और प्रेरक उपलब्धि थी। शास्त्रीय संगीत, नृत्य, कला, शिक्षा, वैश्विक व्यापारिक समन्वय अथवा खेल के उत्थान और भारतीय संस्कृति को देशविदेश में प्रचारित कर इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए किये गए प्रकल्पों को डॉ भरत शर्मा द्वारा उनके सक्रिय योगदान देने पर उनका सम्मान संस्था के अध्यक्ष बाबूलाल गौड़, ट्रस्ट अध्यक्ष व वरिष्ठ टेबलटेनिस राष्ट्रीय पदाधिकारी नरेंद्र कौशिक, हिसारिया, सचिव और वरिष्ठ उद्योगपति गौतम मारवाल, वरिष्ठ पत्रकार विजय अड़िचवाल और समाज के वरिष्ठजन द्वारा शाल, माला और आशीर्वचन और राजेश सांखला की भजन संध्या के आयोजन से किया गया। उक्त अवसर पर डॉ भरत शर्मा ने कहा कि विश्व में प्राप्त ख्याति जब तक सार्थक नहीं होती जब तक उस ख्यातिप्राप्तकर्ता को हासिल करने के कारक, उसके मातापिता, गुरु और उसके समाज का आशीष उसे प्राप्त नहीं होता। यह क्षण भावुक और गर्वान्वित तो करता ही पर अपने कर्मों के प्रति अधिक जिम्मेदारी निभाने और कर्मशील होने का संकल्प कराता है। समाज जब बहुत गहन चिंतन और विश्वास से सहृदय आशीष देकर ऋणी कर समर्पित होने का भाव दे देता है। समारोह में विशेष रूप से पधारे पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त समाजसेवी योगेश महंत, वेटेरन राष्ट्रीय टेबल टेनिस विजेता संतोष कौशिक, राजेश कौशिक, राजीव शर्मा, मनीष शर्मा (बंटी) और बड़ी संख्या में मध्यप्रदेश गौड़ ब्राह्मण संघ और समाज के पदाधिकारी, सदस्य और महिला मंडल उपस्थित रहे। समारोह का संचालन विजय अड़िचवाल ने किया।

## बागेश्वर बाबा एक महीने के लिए सांसारिक दुनिया से दूर रहेंगे



इस दौरान वे किसी से संपर्क में नहीं रहेंगे. न धाम में रहेंगे और न ही कथा करेंगे. उनका दिव्य दरबार भी नहीं लगेगा वे मोबाइल, टीवी और इंटरव्यू से भी दूर रहेंगे. जानकारी के मुताबिक, मई महीने में वे बद्रीनाथ धाम के पहाड़ों में जाएंगे यहां वे एकांतवास में साधना करेंगे. इस दौरान वे पूरी तरह ईश्वर भक्ति में लीन रहेंगे. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हाल ही में खुद इस गुप्त साधना की जानकारी अपने अनुयायियों को दी थी।

## इंदौर मैं मंत्री तुलसी सिलावट समर्थक मंजूर बेग के रोजा इफ्तार में पहुंचे सभी को दी बधाई



इंदौर सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष एवं समाजसेवी मंजूर बैग एवं हाई कोर्ट अधिवक्ता नासिर बैग के पारिवारिक रोजा इफ्तार के आयोजन आयोजन में मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट पहुंचे मंत्री तुलसी सिलावट जी रोजा इफ्तार में पहुंचने पर यहां मौजूद बड़ी संख्या में मंत्री समर्थकों ने एवं सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बैग ने उनका जोरदार स्वागत किया जानकारी देते हुए समाजसेवी मंजूर बैग के ने बताया कि हर साल उनके पारिवारिक रोजा इफ्तार का आयोजन होता है इस साल भी स्टार गार्डन मानिक बाग स्थित में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया था जिसमें कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट मौजूद थे भी किया गया था पारिवारिक के नाते मंत्री तुलसी सिलावट इस आयोजन में पहुंचे उन्होंने यहां पहुंचकर आयोजन की सराहना की और बैग परिवार को रमजान के मुबारक महीने की मुबारकबाद देने के साथ ईद की अग्रिम बधाई भी दी इस मौके पर रियाज खान इस्माइल खान मुकेश बजाज नवीन भीलवाड़ा यूनुस खान पत्रकार जाकिर खान काजी अकबर मोहम्मद अकबर समीर बैग एडवोकेट मुकेश बजाज फैजान बैग रवीश पचौरी गोलू शेख बाबा माहिर शाह शकील खान याकूब खान पत्रकार समीर खान आदि लोगमौजूद थे।

# आत्मारूपी दर्पण का दर्शन ही धर्म पथ की यात्रा का प्रारंभ है



श्री माताजी प्रणित सहजयोग ध्यान हमें हमारी बाह्य भौतिकता से मुक्त कर हमारे आत्मस्वरुप पर ध्यान करने की कला सिखाता है। यूं तो हम हमारी पंच ज्ञानेंद्रियों से केवल बाह्य जगत देख रहे हैं परंतु आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के बाद हम अपने आंतरिक सौंदर्य की झलक देख सकते हैं। ईश्वर की महिमा को अनुभूत कर सकते हैं। जब हमारी आदि मां कुंडलिनी भवसागर को पार करती है तो हममें धर्म जागृत होता है। धर्म की इस चैतन्यमयी अमृत धारा का अनेक गुणों के रूप में आप आनंद ले सकते हैं। परंतु इसे आप किसी पर थोप नहीं सकते है। हर किसी को धर्म रस का यह अमृतपान स्वयं ही करना होता है। धर्म आपकी अपनी एकाग्रता है, भीतर की ओर। जैसे आप किसी को कुछ दान देना चाहते हैं तो वह केवल आपके और परमात्मा के बीच की बात होती है उसका बाहर कोई दिखावा नहीं होता। धर्म का आनंद तभी महसूस किया जा सकता है जब वह स्वयं तक सीमित हो वह साझा नहीं किया जा सकता। गुण साझा नहीं किए जा सकते। यदि कोई व्यक्ति गुणी है तो आप उसका समर्थन कर सकते हैं लेकिन उस धर्म का आनंद वह रस हृदय में गिरता है उसका आनंद कोई और नहीं भोग सकता। आप अपनी पवित्रता का आनंद स्वयं लेते हैं और यह बहुत सुखद व मधुर होता है। इसे पाने के लिए आपको अपने आत्मरूपी दर्पण को जानना होगा। इसे जानने के लिए श्री माताजी ने एक सुंदर दृष्टांत दिया है। वे कहते हैं ईश्वर जो सौंदर्य का स्त्रोत हैं वे अपने ही सौंदर्य को नहीं देख सकते। जैसे एक मोती अपने भीतर प्रवेश करके अपने सौंदर्य को नहीं देख सकता, आकाश अपने सौंदर्य को नहीं समझ सकता। सूर्य व तारे अपनी प्रभा को नहीं देख सकते, इसी प्रकार सर्व शक्तिमान ईश्वर भी अपने स्वरूप को नहीं देख सकते उन्हें एक दर्पण की आवश्यकता होती है और इसी कारण उन्होंने इस सुंदर सृष्टि को अपने दर्पण के रूप में रचा है।

प्रकृति के अनेक घटकों की रचना करने बाद उन्होंने मनुष्य की रचना की, परंतु अनेक योनियों में भटकने के बाद मिले इस जीवन को हम नशीले पदार्थ, अतिवाद, भौतिकता आदि में फंसकर नष्ट कर देते हैं। इसीलिए फंसता है क्योंकि वह नहीं जानता कि वह कितना महान है आनंद दायक और संपूर्ण है। परम पूज्य श्री माताजी कहते हैं कि हमने आप सभी साधकों के लिए एक दर्पण की खोज की है - वह है आत्मा का दर्पण। श्री माताजी कहते हैं, कि आत्म साक्षात्कार के पश्चात जो भी साधक आत्मा को अपनी चेतना, अपने चित्त में लाएगा वह उसमें अपना सुंदर प्रतिबिंब देख सकेगा और अपने भीतर के सारे कुविचार, कुसंस्कार और विनाशकारी चीजों को अनायास ही छोड़कर अपनी आनंद यात्रा पर निकल सकेगा। नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

## जनसुनवाई में आमजन लेकर आएं अपनी समस्याएं..., पुलिस कमिश्नर इंदौर ने प्रत्येक आवेदक से संवाद कर दिलाया त्वरित समाधान का विश्वास



**आदित्य शर्मा**

नागरिकगण की समस्याओं के त्वरित निदान हेतु, संबंधित अधिकारियों को दिए तत्काल कार्यवाही कर समय सीमा में निराकरण के दिशा निर्देश

इंदौर- मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों का निराकरण करनें एवं समस्याओं का त्वरित समाधान करनें के लिए प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती हैं। जिसके तारतम्य में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा आज दिनांक 10.03.26 को कमिश्नर कार्यालय के सभागार में जनसुनवाई में आमजन की शिकायत एवं समस्याओं को सुना तथा त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दियें। जनसुनवाई के दौरान आज प्रमुख रूप से पारिवारिक/ घरेलू विवाद, आपसी विवाद, पैसों के लेनदेन, फाइनेंशियल फ्रॉड, सुनवाई न होने, प्लाट/ जमीन की धोखाधड़ी संबंधी विवाद, महिला अपराध संबंधी एवं अन्य पुलिस से संबंधित समस्याओं के 65 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए । पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक आवेदक के साथ संवाद कर, उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर तत्काल कार्यवाही करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही नागरिकों को आश्वस्त किया कि इंदौर पुलिस उनकी सुरक्षा और हितों के संरक्षण के लिए सदैव तत्पर है। इस दौरान अति पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) इंदौर श्री अमित सिंह एवं सभी जोन के अन्य अधिकारियों ने भी उपस्थित रहकर पुलिस कमिश्नर के निर्देशानुसार संबंधित आवेदकों की समस्याओं विस्तार पूर्वक सुन कार्यवाही की गई।

## कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई जनसुनवाई



**आदित्य शर्मा**

### अधिकारियों ने प्रत्यक्ष रूप से किया समस्याओं का निराकरण

इंदौर हर मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रखीं। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आमजन से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 200 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए, ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। जनसुनवाई में कई आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मुख्य रूप में प्लॉट, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता और रोजगार से जुड़े प्रकरण रहे। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारियों और अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पंवार, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य ने जनसुनवाई में भाग लेकर नागरिकों की समस्याओं को सहानुभूति के साथ सुना और उनका निराकरण किया।

# राजस्व वसूली कार्य में सुस्त कर्मचारियों को लेकर निगमायुक्त का सख्त रुख, टारगेट के अनुरूप वसूली नहीं करने वाले 15 राजस्व कर्मियों को नोटिस जारी करने दिए निर्देश

नवल किशोर

कटनी। नगर निगम की राजस्व वसूली नगर प्रशासन की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही कदापि स्वीकार नहीं की जाएगी। गठित दल के सभी राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने वार्डों में सक्रिय रहकर बकायादारों से संपर्क स्थापित करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करनी होगी। उक्त निर्देश निगमायुक्त तपस्या परिहार ने सोमवार शाम आयोजित राजस्व वसूली कार्य की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान वसूली दल को दिए। बैठक में राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक सहित वसूली कार्य हेतु गठित दल के कर्मचारी मौजूद रहे। निगमायुक्त ने वसूली कार्य की स्थिति की वार्डवार एवं कर्मचारीवार विस्तृत समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने वसूली कार्य के रुचि नहीं लेने वाले कर्मचारियों को कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने की हिदायत देते हुए स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



30 प्रतिशत से कम वसूली वालों को जारी करें नोटिस

निगमायुक्त ने वार्डवार संपत्ति कर, जल उपभोक्ता प्रभार एवं अन्य राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए 30 प्रतिशत से कम वसूली करने वाले वसूलीकर्ताओं पर नाराजगी व्यक्त की जाकर 15 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश राजस्व अधिकारी को दिए। निगमायुक्त ने चेतावनी देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति में अब मात्र 21 दिन शेष बचे हैं। ऐसे में लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं करने वाले अन्य कर्मचारी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने वसूली अमले को वार्ड का नियमित भ्रमण कर बकायेदारों से डोर-टू-डोर संपर्क करने के साथ ही विशेष अभियान चलाकर राजस्व वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा

बैठक में निगमायुक्त ने 14 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक नागरिकों को लोक अदालत का लाभ दिलाने के लिए समय रहते व्यापक योजना तैयार कर ली जाए। उन्होंने शेष बचे करदाताओं की वार्डवार सूची तैयार कर गठित टीमों के माध्यम से नागरिकों से संपर्क करने तथा लोक अदालत में मिलने वाली छूट की जानकारी देकर अधिक से अधिक बकाया करों की वसूली सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया । उन्होंने लोक अदालत के दौरान प्रत्येक काउंटर में पीओएस मशीन अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने लोक अदालत शिविरों के स्थल, काउंटर व्यवस्था एवं विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ आसानी से उठा सकें। बैठक में राजस्व विभाग, जल प्रदाय विभाग तथा बाजार शाखा के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महापौर की जनसुनवाई में आमजन को मिला अपनी बात रखने का अवसर

## समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश

नवल किशोर

कटनी ।नगर निगम कार्यालय स्थित मेयर इन काउंसिल कक्ष में मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई में शहर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएँ सीधे महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष रखीं। सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चली जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण ,पेंशन तथा राजस्व से जुड़े मामलों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। महापौर ने सभी शिकायतों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा समस्याओं के त्वरित और समयबद्ध निराकरण पर जोर दिया। मंगलवार 10 मार्च को आयोजित जनसुनवाई में कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल शिकायतें प्राप्त करना नहीं, बल्कि उनका प्रभावी और स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ लेते हुए उन पर संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए। महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करे, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके और प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हो। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से लोगों को अपनी बात रखने का



सीधा मंच मिलता है, जिससे नगर निगम को भी शहर की वास्तविक आवश्यकताओं को समझने और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने में मदद मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम प्रशासन शहरवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों को अपनी बात रखने का अवसर मिलता रहेगा।

# स्लीमनाबाद में ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए फूटा जनआक्रोश; हजारों की संख्या में पहुंचे ग्रामीण



कटनी। स्लीमनाबाद मेंलंबे समय से चली आ रही रेल स्टॉपेज की मांग को लेकर आज स्लीमनाबाद स्टेशन पर जनआक्रोश का सैलाब उमड़ पड़ा। ग्राम विकास संघर्ष समिति के तत्वावधान में आयोजित इस वृहद आंदोलन में सुबह 8 बजे से ही हजारों की संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, अपडाउनर्स और ग्रामीण जुटना शुरू हो गए थे। आंदोलनकारियों की स्पष्ट मांग थी कि स्लीमनाबाद में प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए, जिसके अभाव में क्षेत्रवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। आंदोलन के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से रीवा-इतवारी एक्सप्रेस, जबलपुर-अंबिकापुर इंटरसिटी और जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी के स्टॉपेज की मांग पुरजोर तरीके से रखी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि स्लीमनाबाद एक महत्वपूर्ण केंद्र है, लेकिन ट्रेनों के न रुकने से व्यापारियों, छात्रों और मरीजों को मजबूरन लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

रेलवे अधिकारियों का लिखित आश्वासन

आंदोलन की गंभीरता को देखते हुए जबलपुर डीआरएम कार्यालय से वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराते हुए आश्वस्त किया कि उनकी मांगें प्रक्रिया में हैं। इस दौरान एक आधिकारिक पत्र भी सौंपा गया जिसमें निम्नलिखित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं रीवा-इतवारी एक्सप्रेस (11753/54): इस ट्रेन के प्रायोगिक ठहराव के लिए रेलवे बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी है, जिसकी अधिसूचना जल्द जारी होगी।

इंटरसिटी ट्रेनें: जबलपुर-अंबिकापुर और जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी के ठहराव का प्रस्ताव भी रेलवे बोर्ड को अग्रसारित भेज दिया गया है। अधिकारियों के इस लिखित भरोसे के बाद समिति ने फिलहाल आंदोलन को विराम देने का निर्णय लिया। प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य प्रदीप त्रिपाठी, अमरदीप साहू, दीपक तिवारी, सरपंच कल्लू दास बैरागी, मदन सिंह, जगदेव पटेल, महेंद्र दुबे, रामानुज पांडे, ईश्वर चंद्र त्रिपाठी, सीताराम दुबे, अमित गर्ग और विजय साहू सहित दीनू पांडे, संटु अग्रहरि, अरविंद अग्रहरि, संतोष सिंह, विक्की जैन, अजय विश्वकर्मा, बिंदेश्वरी पटेल, गंगाधर बढ़गैया, अविनाश तिवारी, मंगल सिंह, माधुरी जैन, अजय नामदेव, जितेंद्र सिंह, विपिन सिंह और लालू खान जैसे अनेक गणमान्य नागरिक व भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जमना ऑटो इंडस्ट्रीज़ द्वारा किया गया नि:शुल्क सामुदायिक महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन


**दिव्यानंद अर्गल**

मालनपुर क्षेत्र में संचालित जमना ऑटो इंडस्ट्रीज द्वारा विश्व महिला दिवस के उपलक्ष में निशुल्क सामुदायिक महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आंगनवाड़ी केन्द्र ,ग्राम सिंधवारी मैं किया गया । शिविर में डॉ.नेहा शुक्ला (MD ),डॉ.अर्चना जैन ने महिलाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवाइयां दी गई इसके अतिरिक्त डॉ.आशीष राजपूत एवं डॉ.पवन सोनी ने सामान्य रोग संबंधी एवं नेत्र सम्बंधी परीक्षण एवं परामर्श किया।

इस शिविर में गाँव के किशोरियों ,महिला एवं गर्भवती महिलाओं ने शिविर का लाभ लिया ।इस शिविर का आयोजन जमना ऑटो (जी एम,एच. आर.) एन. एम. कयू.शमशी जी के मार्गदर्शन में किया गया ,कैंप में डिप्टी मैनेजर महेंद्र सिंह, डॉ॰ राजेश शाक्य (इं.मेडिकल ऑफ़िसर ,जमना आटो ), अरुणेश भदौरिया , सेफ्टी मैनेजर अभिषेक पांडेय,रामरतन ,प्रेमनारायण , सुनील ने कैंप में सहयोग किया। इस अवसर पर मेडिकल टीम से नीलम दीक्षित ,कार्यक्रम अधिकारी अच्छेंद्र सिंह कुशवाह का सहयोग सराहनीय रहा, इसके अतिरिक्त महिलाओं का प्रशिक्षण एवं सम्मान कार्यक्रम , नुक्कड़ नाटक ,मंडी हाउस देहली की टीम द्वारा ग्राम मालनपूर , हायर सेकेंडरी स्कूल मालनपुर एवं कंपनी परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया है जिसके द्वारा महिला सशक्तिकरण ,बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया इस अवसर पर समस्त कंपनी कर्मचारी , मालपुर वासियों एवं स्कूल के बच्चों व शिक्षक दीपा भदौरिया जी ने कार्यक्रम की सराहना की ।




# UAE ने पहली बार ईरान पर अटैक किया



तेल स्टॉक को छोड़ तेहरान की सबसे बड़ी 'कमजोरी' पर फोड़ा बम फोड़ा है। इजरायल-ईरान युद्ध में पहली बार अब UAE की एंट्री हुई है, पहले ही अटैक में अमीरात की एयरफोर्स ने ईरान की सबसे बड़ी कमजोरी यानी वॉटर प्लांट पर अटैक किया है,ईरान के वॉटर प्लांट पर हमले का मतलब केवल एक इमारत को नष्ट करना नहीं है,बल्कि यह 'टोटल वॉर' की ओर एक बड़ा कदम है,खाड़ी देशों में पानी तेल से भी ज्यादा कीमती है।

# कार-बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर में चार युवकों की दर्दनाक मौत


कटनी। जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-43 पर सोमवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जगतपुर-उमरिया के पास रात करीब 11:30 बजे कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार चार युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कार में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

सूचना मिलते ही बड़वारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों व मृतकों को बड़वारा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चारों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार उमरिया जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के निवासी रामकिशोर सिंह (26), रामदास सिंह (18) और इंद्रभान सिंह (25) मजदूरी करने मध्य प्रदेश से बाहर गए थे और सोमवार को घर लौट रहे थे। उन्हें गांव तक लाने के लिए धीरेन्द्र सिंह (18) बाइक लेकर कटनी स्टेशन पहुंचा था। चारों युवक एक ही बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे-43 पर जगतपुर उमरिया के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से उनकी जोरदार टक्कर हो गई, जिससे चारों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।



हादसे में कार में सवार संपत बाई (राजगढ़), सोनू पिता अमर सिंह (22), मदन लाल सिंगा (62), कैलाश पिता रमेश तेवर (25) और प्रेम सिंह पिता वंशीलाल (36) गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी लोग राजगढ़ से अनूपपुर जिले में अपने रिश्तेदार के यहां गए थे और वापस लौट लौटते समय, रास्ते में यह भीषण हादसा हो गया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# जप-तप के साथ मनाया प्रवर्तक श्री जिनेन्द्रमुनिजी म.सा. का 67वाँ जन्मदिवसं



प्रवर्तक देव का दीक्षा पूर्व का फ़ोटो

**दिलीप पाटीदार**

**राजगढ़। आचार्य पूज्य गुरुदेव श्री उमेशमुनिजी म.सा. के सुशिष्य, धर्मदास गणनायक एवं आगम विशारद प्रवर्तक पूज्य श्री जिनेन्द्रमुनिजी म.सा. का 67वाँ जन्मदिवस मंगलवार, 10 मार्च 2026 को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया।**

इस अवसर पर प्रातः 8:30 से 9:30 बजे महावीर स्थानक भवन में जप-तप-त्याग की भावना के साथ नवकार महामंत्र जाप एवं गुरु जिनेन्द्र चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रावक-श्राविकाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस दौरान स्वाध्याय संतोष जी बुरड़ द्वारा गुरु गुणगान करते हुए प्रवर्तक पूज्य श्री जिनेन्द्रमुनि म.सा. के जीवन, तपस्या एवं धर्म प्रभावना पर प्रकाश डाला गया तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रभावना के लाभार्थी श्री बाबूलाल जी मूणत परिवार एवं श्रीमती शांतिबाई-तेजमल जी डोसी परिवार रहे। यह जानकारी संघ के हितेश वागरेचा, राजगढ़।

# बीसीसीआई देगा टीम इंडिया को 131 करोड़ का इनाम

## खिलाड़ियों, स्टाफ और सिलेक्टर्स को बधाई देकर कहा शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने पर टीम इंडिया के लिए 131 करोड़ रुपए के इनाम का ऐलान किया है। भारत ने रविवार को खिताब अपने नाम किया था।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया और ट्रॉफी जीती थी। इसके साथ ही टीम इंडिया ने अपना खिताब बरकरार रखा और टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में लगातार दो बार ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और सिलेक्टर्स को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी है। बोर्ड ने उम्मीद जताई कि टीम भविष्य में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करती रहेगी।

**भारतीय टीम को 27.5 करोड़ प्राइज मनी मिली-** रिपोर्ट के मुताबिक, टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद भारतीय टीम को 3 मिलियन डॉलर (करीब 27.5 करोड़ रुपए) की इनामी राशि मिली। वहीं, रनर-अप न्यूजीलैंड को 1.6 मिलियन डॉलर (करीब 14.7 करोड़ रुपए) दिए गए। हालांकि, इस बार आईसीसी ने प्राइज मनी की आधिकारिक घोषणा नहीं की थी, जबकि आमतौर पर हर टूर्नामेंट में इसकी जानकारी पहले ही दे दी जाती है।



### भारत 3 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहला देश

भारतीय टीम 2024 के बाद 2026 में भी चैंपियन बनी और टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब डिफेंड करने वाली पहली टीम बन गई। इसके साथ ही इंडिया तीन टी-20 वर्ल्ड कप (2007, 2024 और 2026) जीतने वाली दुनिया की पहली टीम भी बन गया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में जीत के साथ भारत ने पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी भी जीती। इससे पहले टीम ने 2007 में साउथ अफ्रीका और 2024 में वेस्टइंडीज में खिताब जीता था। अब भारत के नाम तीन टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी हो गई हैं, जबकि वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दो-दो बार ही यह खिताब जीत सके हैं।

# पांच ईरानी फुटबॉल खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया ने शरण दी

## राष्ट्रीय गान विवाद के बाद लौटने से इनकार किया, एशियन कप खेलने गई थीं खिलाड़ी

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** एशियन कप से बाहर होने के बाद ईरान की महिला फुटबॉल टीम की पांच खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया ने मानवीय वीजा देकर अपने देश में रहने की इजाजत दे दी है।



ऑस्ट्रेलिया के होम अफेयर्स मिनिस्टर टोनी बर्क ने बताया कि इन खिलाड़ियों को पुलिस ने सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया है। दरअसल, पिछले हफ्ते दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच से पहले ईरान की टीम ने अपना राष्ट्रगान नहीं गाया था। इसके बाद ईरान में कुछ लोगों ने टीम की आलोचना की और उन्हें सख्त सजा देने की मांग भी की। इसी वजह से खिलाड़ियों ने शरण मांगी थी।।

टीम में कुल 26 खिलाड़ी और स्टाफ मौजूद थे, लेकिन फिलहाल सिर्फ पांच खिलाड़ियों ने ही शरण मांगी थी। बाकी खिलाड़ी अभी अपने फैसले पर विचार कर रहे हैं, क्योंकि उनके परिवार ईरान में रहते हैं और उन्हें उनके खिलाफ कार्रवाई का डर है।

### मंत्री टोनी बर्क ने जानकारी दी

वहां उनकी मुलाकात ऑस्ट्रेलिया के होम अफेयर्स मिनिस्टर टोनी बर्क से हुई और उनके मानवीय वीजा की प्रक्रिया पूरी हो गई। यह जानकारी मंत्री ने कुछ घंटों बाद ब्रिस्बेन में पत्रकारों को दी। बर्क ने कहा, मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि यह निर्णय प्रत्येक महिला के लिए कितना कठिन रहा होगा, लेकिन निश्चित रूप से कल रात खुशी और राहत का माहौल था। उन्होंने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते समय महिलाओं के मुस्कुराते और ताली बजाते हुए फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।

### ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी पुष्टि की

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी पुष्टि की कि इन पांच खिलाड़ियों को मानवीय वीजा दे दिया गया है। इस वीजा के तहत वे ऑस्ट्रेलिया में रह सकती हैं, काम कर सकती हैं और पढ़ाई भी कर सकती हैं। इसी मामले पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी कहा था कि अगर जरूरत पड़े तो अमेरिका भी इन खिलाड़ियों को शरण देने के लिए तैयार है।

### खिलाड़ियों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया

ऑस्ट्रेलिया में ईरानी टीम को लेकर व्यापक अटकलें लगाई गईं और खबरें भी खूब छपीं जब खिलाड़ियों ने अपने पहले मैच से पहले ईरानी राष्ट्रगान नहीं गाया। मंगलवार की सुबह ऑस्ट्रेलिया के संघीय पुलिस अधिकारियों ने गोल्ड कोस्ट, ऑस्ट्रेलिया के एक होटल से पांच महिलाओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

# वर्ल्ड कप जीत का जश्न

## मुंबई की सड़कों पर 11 या 12 मार्च निकल सकता है टीम इंडिया की विक्ट्री परेड

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत की ऐतिहासिक टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीत के बाद अब क्रिकेट फैंस को टीम इंडिया की भव्य विक्ट्री परेड का इंतजार है। हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक आधिकारिक कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है, लेकिन सूत्रों के अनुसार चैंपियन टीम के लिए जल्द ही शानदार रोड शो आयोजित किया जा सकता है।

**दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की संभावना-** खबरों के मुताबिक भारतीय टीम सबसे पहले नई दिल्ली पहुंच सकती है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व विजेता खिलाड़ियों की मेजबानी करेंगे और उन्हें सम्मानित करेंगे। इस दौरान खिलाड़ी प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे और टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ फोटो भी खिंचवाएंगे। दिल्ली में औपचारिक कार्यक्रम के बाद जश्न का असली रंग मुंबई में देखने को मिल सकता है।




- **मरीन ड्राइव पर निकल सकता है भव्य रोड शो-** मुंबई में आयोजित होने वाली यह विक्ट्री परेड 2007 और 2024 की ऐतिहासिक जीत की यादें ताजा कर सकती है। संभावना है कि नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक ओपन-बस में खिलाड़ियों का रोड शो निकाला जाएगा। पिछली बार की तरह मरीन ड्राइव पर लाखों फैंस के उमड़ने की उम्मीद है। भीड़ को देखते हुए मुंबई पुलिस और प्रशासन इस बार विशेष सुरक्षा और क्राउड मैनेजमेंट प्लान तैयार कर रहे हैं ताकि फैंस सुरक्षित तरीके से जश्न मना सकें।
- **वानखेड़े स्टेडियम में होगा भव्य सम्मान समारोह-** विक्ट्री परेड का समापन वानखेड़े स्टेडियम में होने की संभावना है, जहां टीम इंडिया के लिए भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जा सकता है।

### कब हो सकती है विक्ट्री परेड?

सूत्रों के अनुसार टीम इंडिया की विक्ट्री परेड 11 या 12 मार्च के आसपास आयोजित हो सकती है। खिलाड़ी फिलहाल अपने परिवारों के साथ समय बिता रहे हैं, जिसके बाद यह राष्ट्रीय जश्न आयोजित किया जा सकता है।

# मंगलवार सुबह सामने आई दिल दहला देने वाली वारदात : रात में की पत्नी हत्या, सुबह पति ने लगा ली फांसी

• पति का फंदे पर, पत्नी का कमरे में मिला शव

**इंदौर।** मंगलवार की सुबह - सुबह परदेशीपुरा इलाके के नंदानगर क्षेत्र में उस समय सनसनी फेल गई, जब दिलदहला देने वाली वारदात सामने आई, जिसमें एक व्यक्ति का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला, जबकि उसकी पत्नी का शव दूसरे कमरे में पड़ा हुआ था। फर्स्ट पीएम रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ कि पति ने रात में पत्नी की हत्या कर दी थी इसके बाद सुबह खुद ने भी फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इसके पहले उसने दोनों बच्चों को बहाना बनाकर दूध लेने भेज दिया था, जब वे दूध लेकर घर आए तो घटना का पता चला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौकेपर पहुंचे और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाकर मामले में पड़ोसियों से पूछताछ शुरू की। पुलिस के मुताबिक घटना नंदानगर स्थित 3 नंबर गली में हुई। मृतक की पहचान एकनाथ वाघ (43) और पत्नी रोहिणी (38) के रूप में हुई है। दंपती यहां पर दोनों बच्चों के साथ किराए के मकान में रहते थे।

**दोनों के बीच संघर्ष की आशंका-** पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह के मुताबिक आस-पड़ोस के लोगों और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की गई। पुलिस को रोहिणी के शव के पास टूटी चूड़ियां मिली हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि पति-पत्नी के बीच संघर्ष हुआ होगा। शुरूआती जांच में ही माना जा रहा है कि एकनाथ ने पहले पत्नी की हत्या की और बाद में खुद फांसी लगा ली। पीएम रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि भी हो गई। साथ ही यह भी पता चला रात करीब एक बजे महिला की मौत दम घुटने व गला दबाने से हुई है।

**दोनों बच्चे लौटे तो फंदे पर मिले पिता** - सुबह करीब 8 बजे एकनाथ ने दोनों बेटों मोहित (15) और मयंक (13) को दूध लेने भेजा था। करीब 20 मिनट बाद जब वे घर लौटे तो पिता को फंदे पर लटका पाया। वहीं दूसरे कमरे में मां का शव था। यह देख दोनों घबरा गए और पड़ोसियां को इसकी सूचना दी। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचित किया।

**पहले मैकेनिक था-** दंपती की मौत की सूचना मिलते ही उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। परिजनों के मुताबिक एकनाथ पहले मैकेनिक का काम करता था, लेकिन कुछ समय से शेयर मार्केट में काम कर रहा था। करीब डेढ़ साल से वह किराए के कमरे में रह रहा था। उसके दो भाई अलग-अलग रहते हैं, जबकि पिता रामनगर में रहते हैं। बताया जाता है कि परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा था।

**फोरेंसिक टीम ने किया निरीक्षण-** घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। टीम ने पूरे घर का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

**असली वजह का पता लगा रही पुलिस-** फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है ताकि घटना के पीछे की असली वजह सामने आ सके। घटना के पीछे आर्थिक तंगी को भी कारण माना जा रहा है। एकनाथ बाघ पहले मैकेनिक का काम करता था। शेयर मार्केट में पैसा लगाया जिसमें घाटा होने पर मकान भी बेच दिया था।

# तेजाजीनगर-बलवाड़ा फोरलेन परियोजना से बदलेगी इंदौर-इच्छापुर हाईवे की तस्वीर

**इंदौर।** इंदौर-इच्छापुर नेशनल हाईवे मार्ग पर बन रही तेजाजीनगर-बलवाड़ा फोर-लेन परियोजना से क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी और सुरक्षा को बड़ा फायदा मिलने जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा इंदौर-इच्छापुर कॉरिडोर के तहत करीब 33.40 किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। अब तक यह मार्ग दो लेन का होने के कारण यहां भारी यातायात, जाम और घाट सेक्शन में दुर्घटनाओं की समस्या बनी रहती थी। इन समस्याओं को देखते हुए इस मार्ग को आधुनिक सुविधाओं से युक्त चार लेन सड़क के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे यातायात अधिक सुरक्षित और सुगम हो सकेगा। परियोजना के तहत भेरूघाट, बाईग्राम और चौरल घाट में तीन टनलों का निर्माण किया जा रहा है। इन टनलों की लंबाई क्रमशः 575 मीटर, 480 मीटर और 550 मीटर होगी। टनल बनने के बाद खतरनाक घाट सेक्शन खत्म हो जाएगा और वाहनों की आवाजाही अधिक सुरक्षित व तेज हो सकेगी। इसके अलावा परियोजना में मेजर ब्रिज, रेलवे ओवरब्रिज, वायाडक्ट, वाहन अंडरपास और कई कल्वर्ट जैसी आधुनिक संरचनाओं का निर्माण भी किया जा रहा है। इन सुविधाओं से मुख्य मार्ग पर यातायात निर्बाध बना रहेगा और स्थानीय लोगों के आवागमन के लिए भी सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित होगी। परियोजना पूरी होने के बाद इंदौर से खंडवा, ओंकारेश्वर, बुरहानपुर और महाराष्ट्र की ओर जाने वाला मार्ग पहले की तुलना में अधिक तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक हो जाएगा। इससे व्यापार, पर्यटन और धार्मिक यात्राओं को भी नई गति मिलेगी। विशेष रूप से सिंहस्थ 2028 के दौरान यह मार्ग श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

# आयुष्मान कार्डधारी से अतिरिक्त वसूली पर गोकुलदास अस्पताल पर कार्रवाई, तीन गुना जुर्माना

इंदौर। आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ मिलने के बावजूद मरीज से अतिरिक्त राशि वसूलना शहर के एक निजी अस्पताल को महंगा पड़ गया। शिकायत सही पाए जाने पर स्टेट हेल्थ अथॉरिटी ने अस्पताल प्रबंधन पर तीन गुना जुर्माना लगाने की कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार शहर के गोकुलदास अस्पताल में इलाज के दौरान आयुष्मान कार्डधारी मरीज से अतिरिक्त पैसे लिए गए थे। इस मामले में पीड़ित पवन भुगलिया ने इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने इलाज के दौरान उनसे अतिरिक्त राशि वसूल ली। शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच स्टेट हेल्थ अथॉरिटी द्वारा कराई गई। जांच में शिकायतकर्ता के आरोप सही पाए गए। जांच के बाद अस्पताल प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन प्रबंधन द्वारा दिया गया जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। स्टेट हेल्थ अथॉरिटी ने कहा कि जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि अस्पताल प्रबंधन ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और स्टेट हेल्थ अथॉरिटी द्वारा तय दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है। इसी के चलते अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई करते हुए मरीज से वसूली गई राशि का तीन गुना जुर्माना लगाया गया है।

# छावनी सड़क चौड़ीकरण पर सस्पेंस बरकरार, तीन चरणों में होगा निर्माण

**इंदौर।** मधुमिलन चौराहे से जगन्नाथ धर्मशाला छावनी पुल तक बनने वाली मास्टर प्लान की बहुचर्चित सड़क के चौड़ीकरण को लेकर अभी भी स्थिति पूरी तरह साफ नहीं हो पाई है। नगर निगम इस सड़क का निर्माण तीन चरणों में करने की तैयारी में है, लेकिन इसकी चौड़ाई 60 फीट होगी या 80 फीट, इसे लेकर अब भी संशय बना हुआ है। निगम अधिकारियों के अनुसार अगले सप्ताह तय नपती और निशान के आधार पर बाधक निर्माणों को हटाने की कार्रवाई शुरू की जा सकती है। पहले चरण में काम मधुमिलन चौराहे से शुरू होकर लक्ष्मीनारायण दूध वाले के सामने तक किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में श्रद्धानंद मार्ग से मथुरा वाला स्वीट्स होते हुए छावनी चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण और निर्माण किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान खुदाई से यातायात प्रभावित न हो, इसलिए काम चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है।

**पहले तैयार किए जा रहे वैकल्पिक रास्ते-** निगम ने मुख्य सड़क पर काम शुरू करने से पहले छावनी क्षेत्र के जावरा कंपाउंड और उषागंज की अंदरूनी सड़कों के निर्माण का काम शुरू कर दिया है। इसका उद्देश्य यह है कि जब मुख्य सड़क पर चौड़ीकरण और खुदाई का काम शुरू हो, तब लोगों को आने-जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग मिल सके। तीसरे और अंतिम चरण में छावनी चौराहे से जगन्नाथ धर्मशाला तक सड़क का निर्माण किया जाएगा, ताकि पूरी सड़क एक साथ खुदने से लोगों को परेशानी न हो।

**चौड़ाई को लेकर बना हुआ है विवाद-** सड़क की चौड़ाई को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। हाल ही में निगम अधिकारियों ने सेंट्रल लाइन से दोबारा नपती कर 80 फीट चौड़ाई के हिसाब से निशान लगाए थे। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां 60 फीट चौड़ाई के हिसाब से ही तोड़फोड़ की जाए। इसी मांग को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने अपने विधायक से भी चर्चा कर सड़क की चौड़ाई कम करने का आग्रह किया है। फिलहाल अंतिम निर्णय का इंतजार है और निगम को जैसे ही उच्च स्तर से संकेत मिलेगा, सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया जाएगा।

# इंदौर में भाजपा की प्रदेश स्तरीय क्षेत्रीय वक्ता कार्यशाला: कार्यकर्ताओं को मिलेगा विचारधारा और जनसंवाद का प्रशिक्षण





**इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश स्तरीय क्षेत्रीय वक्ता कार्यशाला मंगलवार को इंदौर में आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में प्रदेशभर से आए कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यशैली, विचारधारा और प्रभावी जनसंवाद के तरीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। उद्घाटन सत्र में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल सहित वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा अपनी विचारधारा और कार्यपद्धति के कारण अन्य दलों से अलग पहचान रखती है। उन्होंने कहा कि पार्टी समय-समय पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित करती है, ताकि कार्यकर्ता संगठन की नीतियों और कार्यशैली को बेहतर ढंग से समझ सकें। कार्यशाला में शामिल होने के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी इंदौर पहुंचे। वे शाम करीब 6 बजे तक कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इसके बाद शाम 6:15 बजे वे चोइथराम अस्पताल और अनुसंधान केंद्र के एक कार्यक्रम में शामिल होंगे और रात करीब 8 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे।

**आठ कक्षों में समानांतर प्रशिक्षण सत्र-** कार्यशाला के दूसरे सत्र में आठ अलग-अलग कक्षों में समानांतर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कक्षों में विशेषज्ञ वक्ता कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। स्व. राजेंद्र धारकर कक्ष में वैचारिक अधिष्ठान, स्व. नारायणराव धर्म कक्ष में पार्टी की कार्यपद्धति और संगठनात्मक ढांचा, स्व. निर्भयसिंह पटेल कक्ष में भाजपा का इतिहास और विकास, स्व. वल्लभ शर्मा कक्ष में केंद्र सरकार की योजनाओं पर चर्चा होगी। इसी तरह स्व. लक्ष्मणसिंह गौड़ कक्ष में संगठन विस्तार की रणनीति, स्व. प्रकाश सोनकर कक्ष में प्रदेश सरकार की उपलब्धियां, स्व. गोविंद मालू कक्ष में बूथ प्रबंधन और 'मन की बात' कार्यक्रम तथा स्व. उमेश शर्मा कक्ष में सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नमो ऐप और सरल ऐप के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**समापन सत्र में राष्ट्रीय नेताओं का संबोधन-** कार्यशाला के समापन सत्र में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शिवप्रकाश और प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे।

**प्लास्टिक मुक्त रहेगा आयोजन-** भाजपा ने इस आयोजन को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रखने का निर्णय लिया है। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना और कार्यकर्ताओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

**दिवंगत नेताओं के नाम पर बनाए गए प्रशिक्षण कक्ष-** कार्यशाला के लिए बनाए गए सभी कक्षों का नामकरण भाजपा के दिवंगत नेताओं के नाम पर किया गया है, ताकि कार्यकर्ता उनके योगदान को याद करते हुए प्रेरणा ले सकें। इनमें स्व. राजेंद्र धारकर, स्व. नारायणराव धर्म, स्व. निर्भयसिंह पटेल, स्व. वल्लभ शर्मा, स्व. लक्ष्मणसिंह गौड़, स्व. प्रकाश सोनकर, स्व. गोविंद मालू और स्व. उमेश शर्मा के नाम शामिल हैं।